राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती के अवसर पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया

पटना, 15 नवम्बर 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती के अवसर पर राजभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि महान देशभक्त तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी भगवान बिरसा मुण्डा का पूरा जीवन आदिवासियों को उनके अधिकारों के लिए जागरूक करने तथा उनके हितों के लिए संघर्ष करते हुए बीता। ब्रिटिश शासन की दमन और शोषण की नीतियों से बुरी तरह जूझ रहे आदिवासी समुदाय को संगठित कर उन्होंने लगान माफी के लिए मुण्डा विद्रोह का नेतृत्व किया। उन्हें ब्रिटिश शासन के खिलाफ एक मजबूत विरोध के रूप में याद किया जाता है। बिरसा मुण्डा ने आदिवासियों में नई चेतना जगाने का भी काम किया था।

राज्यपाल ने कहा कि बिरसा मुण्डा का 25 वर्ष का छोटा सा जीवन बेहद प्रभावशाली था। आदिवासी उन्हें भगवान मानते हैं। उनके सम्मान में 15 नवम्बर, 2000 को झारखंड राज्य का गठन किया गया था। भारत सरकार ने बिरसा मुण्डा की जयंती 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है।

....